Teaching Idea

आओ बनाए संख्या

उद्देश्य: गतिविधि के माध्यम से बच्चों में 999 तक की संख्याओं की अवधारणा स्पष्ट करना ।

चरण 1:

- शिक्षक इस गतिविधि के लिए बच्चों के 2, 3 या 4 बच्चों के समूह बना लें, समूह के सारे बच्चे इस गतिविधि को मिलकर करेंगे ।
- शिक्षक इस चरण पर पिछली कक्षा के काम को दोहराने का प्रयास करेंगे।
- हर समूह से बच्चों को डींस ब्लॉक्स की मदद से 500 तक की संख्याओं को दिखाने के लिए कहें। *(डींस ब्लॉक गणित की खाने वाली कॉपी से बनवा लें)*
- अगर एक बच्ची 344 दिखाना चाहती है तो उसके लिए उसे 100 वाले 3, 10 वाले 4 और 1 वाले 4 ब्लॉक्स दिखाने होंगे। या फिर 401 के लिए 100 वाले 4 और 1 वाले एक दिखाने होंगे। उदाहरण के लिए आप नीचे दिए गए चित्र को भी देख सकते हैं ।



चरण 2:

•शिक्षक अब बच्चों को 999 तक की संख्याओं से परिचित करेंगे ।

• जब बच्चे 500 तक की संख्या ठीक से दिखा पाएँ, तो बच्चों को बोलें कि “अगर हम 500 में एक और जोड़ दें, तो कितना बनेगा?”

•हो सकता है बच्चे बोलें पाँच सौ और एक, या कुछ बच्चे पाँच सौ एक भी बोल सकते हैं।

•आगे बच्चों को ऐसे ही एक, फिर दो, फिर तीन, पाँच, दस, बीस, पच्चीस, अस्सी आदि को जोड़कर संख्या को डींस ब्लाक की मदद से दिखाने और बताने के लिए बोलें।

•बच्चों को इन संख्याओं में पैटर्न पकड़ने के लिए प्रोत्साहित करें कि कि हर बार जोड़ने पर पाँच सौ तो रहता ही है, लेकिन जितनी संख्या उसमे जुड़ती है आगे हमे पाँच सो में उतना जोड़कर बताना होता है| जैसे 500 में जब 20 जोड़ा तो बना पाँच सौ बीस| ऐसे ही 600, 700, 800 और 900 की भी संख्या बनवाएँ।

चित्रों की मदद से संख्या

उद्देश्य : बच्चों को ठोस स्तर से एक स्तर आगे यानी संख्याओं को चित्रों की मदद से देख पाना ।

गतिविधि

- पिछली गतिविधि के बाद उम्मीद है कि बच्चे ठोस चीज़ों यानी डींस ब्लॉक्स की मदद से संख्याओं को देखना सीख चुकें होंगे|
- आगे बच्चों को चित्रों की मदद से संख्या दिखाने के लिए प्रोत्साहित करें।
- बच्चों के दो-दो के जोड़ें बनाए और संख्या को चित्रों की मदद से दर्शाने के लिए बोलें। आप एक संख्या को बच्चों के सामने उदाहरण के तौर पर रख भी सकते हैं |
- उदाहरण के लिए आप दिए गए चित्र को देख सकते हैं|
- इस तरह से बच्चों को 999 तक की संख्याओं को बच्चों की कॉपी में बनवाएँ। जैसे –

591, 288, 709, 911, 999



Teaching Idea

माचिस के साथ लुकाछिपी का खेल

उद्देश्य : बच्चों को संख्याओं को शब्दों में पढ़ना और लिखना सीखना |

चरण 1:

- आस-पास से खाली माचिस की डिब्बी, मार्कर और सफ़ेद कागज़ *(माचिस की डिब्बी आप और बच्चे दोनों मिलकर इकट्ठा कर सकते हैं)*
- माचिस की डिब्बी को सफ़ेद रंग के कागज़ से ढकें और उस पर संख्या लिखें। माचिस के अन्दर डिब्बी में उस संख्या को शब्दों में लिखें और माचिस को बंद करें|
- पूरी कक्षा में से बच्चों को बारी-बारी बुलाएं और कोई भी एक डिब्बी को उठाने के लिए बोलें।
- बच्चे को डिब्बी के ऊपर लिखी संख्या को पहचानने के लिए कहें।
- आगे बच्चे को बोलें कि वे डिब्बी को खोल कर देखें कि उस संख्या को शब्दों में कैसे लिखतें हैं? बच्चे को बोलें कि वो संख्या और शब्द दोनों बोर्ड पर लिख कर सबको बताएँ।
- उदाहरण के लिए नीचे एक माचिस की डिब्बी का चित्र दिखाया भी जा रहा है| आप चित्र वाले स्थान पर संख्या अंकों में लिखे और नल के स्थान पर संख्या को अक्षरों में लिखे|

चरण 2:

- आगे आप बच्चों को गतिविधि में आई सभी संख्याओं को कॉपी में लिखने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं|
- आगे आप बच्चों को जोड़ों में नयी संख्याओं को बनाने और उन्हें शब्दों में लिखने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं|

Worksheet

आओ बनाए संख्या

प्रिया अपना गृह कार्य कर रही है । क्या तुम उसके दोस्त बनोगे और उसका गृह-कार्य खत्म कराने में उसकी मदद करोगे?

नीचे दिखाए गए ब्लॉक्स के लिए संख्या लिखें, साथ ही संख्या को शब्दों में भी लिखें|

सैकड़ा	दहाई	इकाई
		

संख्या:____

सैकड़ा	दहाई	इकाई
		

संख्या:____

सैकड़ा	दहाई	इकाई
		

संख्या:____

Worksheet

EDINDIA™

अधूरी जानकारी पूरी करें

छुटकू बन्दर को आज स्कूल के गृह कार्य में ये कार्यपत्रिका करने को मिली है|लेकिन उसे तो अभी शब्दों में संख्याओं को ठीक से लिखना नहीं आता| उसे नीचे दी गयी संख्याओं की अधूरी जानकारी को पूरा करने में आपकी मदद चाहिए|

अधूरी जानकारी पूरी करें

- 501= पाँच सौ__________
- ____= छः सौ पचपन
- 666=__________________________
- 705=_____________पाँच
- 798= सात सौ____________
- 855=__________________________
- ______= आठ सौ निन्यानवे
- __________= नौ सौ
- 901=________________एक
- 957=__________________________
- 981=______________________________
- _____= नौ सौ निन्यानवे